an>

Title: Need to include habitations with a population of less than 100 people under Rajiv Gandhi Gramin Vidyutikaran Yojana in Rajasthan.

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत (जोधपुर) : अध्यक्ष महोदया, सन् 2005 में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युत योजना के माध्यम से देश के प्रत्येक गांव और ढाणी को विद्युतकृत करने की महत्वपूर्ण योजना बनी थी। इस योजना में लक्ष्य रखा गया था कि 2010 और 2011 तक देश के प्रत्येक गांव और ढाणी का विद्युतीकरण कर दिया जाएगा। इस योजना के तहत 90 प्रतिशत राशि देश के प्रत्येक गांव और ढाणी को विद्युतीकृत करने के लिए सरकार अनुदान के रूप में देती है और शेष दस प्रतिशत राशि ऋण के रूप में स्वीकार की जाती है। इस पंचवर्षीय योजना में सरकार ने 100 तक की आबादी वाले गांवों के विद्युतीकरण के लिए अनुशंसा की है। मैं जिस क्षेत्र से आता हूं वहां कई गांव और ढाणियां ऐसी हैं, जिनकी जनसंख्या 100 से कम है। इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि यह जो 100 की आबादी वाले गांवों को विद्युतीकृत करने का प्रस्ताव है, इसे घटाया जाए, ताकि इस लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके और मेरे क्षेत्र में ढाणियों में रहने वाले लोगों के घर रौशन हो सकें।

माननीय अध्यक्ष: मैं श्री पी.पी. चौधरी और श्री सी.आर. चौधरी को श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति देती हूं।